उत्तर भारत लाइव

कैंपस कालेज की जगी उम्मीद

कुलपति ने किया टीएचडीसी आईएचईटी इंजीनियरिंग कालेज का शैक्षणिक निरीक्षण

देहरादून। विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने टीएचडीसी-आईएचईटी इंजीनियरिंग कालेज, नई टिहरी का दौरा किया। शैक्षणिक निरीक्षण से पहले कुलपति ने टीएचडीसी के कार्यपालक निदेशक एलपी जोशी व परियोजना के अधिकारियों के साथ कालेज संचालित को लेकर पूर्व में आई विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और समस्याओं के मिलकर निदान करने पर सहमति जताई। टीएचडीसी परियोजना के कार्यपालक निदेशक द्वारा विश्विद्यालय के कुलपति के साथ बैठक में कहा कि जिस उद्देश्य से इंजीनियरिंग कालेज का गठन हुआ था आज उन उद्देश्यों में कहीं न कहीं ठहराव सा दिखता है, जिसका खामियाजा संस्थान और छात्रों को भुगतान पड़ता है। लेकिन अब विश्वविद्यालय का कैंपस कालेज बनने से उम्मीद है कि यह कालेज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह के नेतृत्व में अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों को हासिल करेगा। एलपी जोशी ने कहा कि हाइड्रो और रेनूवल पर भी विशेष रूप से कार्य होना चाहिए और हाइड्रो एंड रेनूवल इंजीनियर में एमटेक पूर्णकालिक और एमटेक पार्ट टाइम इस कालेज में 2023-24 सत्र से संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में 60 क्षमता को बढ़ा कर 120 सीट किए जाने का प्रस्ताव भी विश्विद्यालय को भेजने के निर्देश निदेशक को मीटिंग में दिए। कुलपति ने कहा कि कालेज के पास पर्याप्त संसाधन है जिनका सदुपयोग छात्रों को अच्छी शिक्षा देने में किया जाना चाहिए।